RNI NO Title Code-UPHIN49594

हिन्दी दैनिक

नवयुग समाचार

वर्ष-3 अंक-306
बहराइच,मंगलवार
17 दिसंबर 2024
पृष्ठ-4 मूल्य 2.00

बहराइच से प्रकाशित

एक सामाजिक दर्पण

लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, कन्नौज, फरुर्खाबाद, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, म.प्र., बिहार में प्रसारित

शंभू बॉर्डर पर किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

-18 दिसंबर को किसानों का रेल रोको आंदोलन

पटियाला

शंभू-खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में सोमवार को हरियाणा में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। हिसार, सोनीपत, चरखी दादरी, सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला में किसानों ट्रैक्टर मार्च निकाल प्रदर्शन किया। हांसी में किसान ट्रैक्टर पर रामायण टोल से मिनी सचिवालय तक गए। वहीं सोनीपत के खरखौदा में रोहणा बाइपास चौक से मार्च निकाला गया। पंजाब में मार्च निकालने का ऐलान नहीं हुआ था। यहां 18 दिसंबर को रेल रोको आंदोलन किया जाएगा।

रेल रोको आंदोलन पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि किसानों को ट्रेनें नहीं रोकनी चाहिए। इससे आम लोगों को ही परेशानी होती है। वहीं हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में हम 24 फसलों पर एमएसपी दे रहे हैं, कांग्रेस और आप की सरकार भी किसानों को एमएसपी पर फसल खरीदने की गारंटी दे।

भाजपा सरकार को हो रहा आंदोलन का फायदा

भारतीय किसान यूनियन (भूकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत आज हरियाणा के करनाल में पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन का फायदा इस समय भाजपा सरकार को हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभी किसान पंजाब की जमीन पर हैं और पंजाब में सरकार आम आदमी पार्टी की है। आंदोलन कब खत्म होगा इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ये आंदोलन 4 से 5 महीने और चलेगा। साथ ही उन्होंने किसानों को नसीहत देते हुए कहा कि बंटोगे तो लुटोगे।

विवादित बयान देने वाले जस्टिस शेखर यादव पर कसा शिकंजा

नई दिल्ली

देश बहुसंख्यकों के हिसाब से चलेगा वाला बयान देकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव विवादों में घिर गए हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी उन पर शिकंजा कस दिया है। हंगामा होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर बड़ा एक्शन लिया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस शेखर कुमार यादव को पेश होने के लिए समन भेजा है। जस्टिस शेखर कुमार यादव को अपने विवादास्पद बयान पर स्पष्टीकरण देने को भी कहा गया है।

गौरतलब है कि जस्टिस शेखर कुमार यादव ने विश्व हिंदू परिषद की लीगल सेल की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में विवादास्पद बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि देश का कानून बहुसंख्यकों की इच्छा के मुताबिक चलेगा। सूत्रों के हवाले से बताया कि देश के मुख्य न्यायधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाला कॉलेजियम इस मामले पर जल्द ही सुनवाई करेगी। खबरों के मुताबिक शीर्ष अदालत के शीतकालीन अवकाश यानी 17 दिसंबर से पहले सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर विचार विमर्श करेगी।

मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का निधन, अब किसकों कहेंगे, वाह उस्ताद वाह

सैन फ्रांसिस्को

मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का बीती रात निधन हो गया। वे 73 साल के थे और अमेरिका में उनका उनका इलाज चल रहा था,जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। अब संगीत प्रेमियों के बीच एक ही सवाल रह गया है कि अब किसको कहेंगे वाह उस्ताद वाहङ्क।

महान तबला वादक जाकिर हुसैन ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनके निधन की खबर की पुष्टि परिवार ने कर दी है। उन्हें हृदय संबंधी समस्याओं के बाद अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब 6 दशक के लंबे करियर वाले हुसैन भारत के सबसे प्रतिष्ठित कलाकारों में शामिल

थे। सरकार ने पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से भी नवाजा था।

हुसैन के परिवार में उनकी पत्नी एंटोनिया मिनेकोला, बेटी अनीसा कुरैशी, इसाबेला कुरैशी, उनके भाई तौफीक और फजल कुरैशी और बहन खुर्शीद औलियां हैं। रविवार को ही हुसैन के मित्र और बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने बताया था कि उन्हें सैन फ्रांसिस्को के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीती रात (भारतीय समयानुसार) से ही उनके निधन की अफवाहें सामने आ रही थीं, जिनका अनके पब्लिसिस्ट ने खंडन किया था। हुसैन के परिवार की तरफ से जारी बयान के अनुसार, एक शिक्षक, मार्गदर्शक के तौर पर उनके कार्यों ने अनगिनत संगीतकारों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्हें उम्मीद थी कि वह आने वाले पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। वह महान संगीतकार के रूप में अपनी अद्वितीय विरासत पीछे छोड़ गए हैं। उनका जन्म 9 मार्च 1951 में मुंबई के माहिम इलाके में हुआ था। उनके पिता महान तबला वादक उस्ताद अल्लारखा थे।

साल 1988 में उन्हें पद्मश्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था। खास बात है कि उन्होंने अपने लंबे करियर में 4 बार ग्रैमी अवॉर्ड अपने नाम किया। इनमें से 3 तो उन्होंने 66वें ग्रैमी अवॉर्ड के दौरान एक रात में ही जीते थे। ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय थे।

कांग्रेस सांसद टैगोर ने सेना मुख्यालय से युद्ध की तस्वीर हटाने को लेकर दिया स्थगन

नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने सेना मुख्यालय, नई दिल्ली से 1971 के युद्ध की तस्वीर हटाने पर चर्चा के लिए सोमवार को लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने यह भी रेखांकित किया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में 1971 की जीत भारत के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण सैन्य विजयों में से एक है। इस प्रतिष्ठित तस्वीर को हटाना इसके महत्व को कम करने और हमारी सामूहिक स्मृति से इसकी विरासत को मिटाने का एक प्रयास है। इसके अलावा उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह तस्वीर को ह्लतुरंतह्व उसकी मूल स्थिति में बहाल करें। टैगोर ने कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी सरकार से आग्रह करता हूं कि वह 1971 के आत्मसमर्पण की तस्वीर को तुरंत उसकी मूल स्थिति में बहाल करें और यह सुनिश्चित करें कि इतिहास संशोधनवाद के ऐसे कृत्य दोहराए न जाएं। हमारे इतिहास, हमारी जीत और हमारे सशस्त्र बलों के बलिदान को अत्यंत सम्मान और गरिमा के साथ संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से इस पर एक स्वतंत्र समिति गठित करने की भी मांग की। कांग्रेस सांसद ने कहा, इसके अलावा मैं सरकार से सभी दलों के सांसदों के साथ एक स्वतंत्र समिति गठित करने का आह्वान करता हूं, जो ऐसे ऐतिहासिक प्रतीकों को हटाने के पीछे के कारणों की जांच करें और हमारी राष्ट्रीय विरासत की रक्षा और संरक्षण के उपायों की सिफारिश करें। इस समिति को सभी क्षेत्रों में अतीत, वर्तमान और भविष्य में इसी तरह की घटनाओं की भी जांच करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए निवारक उपाय सुझाने चाहिए कि हमारे इतिहास के साथ किसी भी तरह से छेड़छाड़ न हो। हर साल 16 दिसंबर को भारत 1971 के भारत-पाक युद्ध में अपनी निर्णायक जीत की याद में विजय दिवस (विजय दिवस) मनाता है, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ। 1971 के युद्ध के दौरान 3,900 भारतीय सैनिकों की मृत्यु हुई और 9,851 घायल हुए थे।

आज विजय दिवस पर राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी समेत अनेक नेताओं ने दी जवानों को श्रद्धांजलि

-शहीदों का बलिदान पीढ़ियों को प्रेरित करेगा, यह इतिहास में गहराई से समाया रहेगा

नई दिल्ली

आज देश 1971 की जंग में मिली जीत का विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने 1971 के जंग में शामिल जवानों को श्रद्धांजलि दी है। साथ ही रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जवानों को सलामी पेश की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वीर सैनिकों की शहादत को याद करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि विजय दिवस पर मैं उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं, जिन्होंने 1971 के युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देते हुए भारत को विजय दिलाई। राष्ट्र हमारे वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- आज विजय दिवस पर हम उन

बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं जिन्होंने 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया है। उनके निस्वार्थ समर्पण और अटूट संकल्प ने हमारे देश की रक्षा की और हमें गौरव दिलाया। पीएम मोदी ने आगे कहा कि यह दिन उनकी असाधारण वीरता और उनकी अडिग भावना को श्रद्धांजलि है। उनका बलिदान हमेशा पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और हमारे देश के इतिहास में गहराई से समाया रहेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर ट्वीट कर कहा- देश जवानों के बलिदान और सेवा को कभी नहीं भूलेगा। आज विजय दिवस के खास मौके पर भारत के सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को सलाम करता हूं। उनके अटूट साहस और देशभक्ति ने सुनिश्चित किया कि हमारा देश सुरक्षित रहे। भारतीय वायु सेना ने भी एक्स पर एक पोस्ट में 16 दिसंबर को समाप्त हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में अपनी भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने पोस्ट में लिखा 1971 का भारत-पाक युद्ध 16 दिसंबर 1971 को लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी के बिना शर्त आत्मसमर्पण के साथ खत्म हुआ, जो एक स्वतंत्र बांग्लादेश के जन्म का प्रतीक था। यह ऐतिहासिक क्षण एक समन्वित सैन्य प्रयास के माध्यम से हासिल किया गया था, जिसमें भारतीय वायु सेना ने 13-दिवसीय संघर्ष में त्वरित और निर्णायक परिणाम तय करने में अहम भूमिका निभाई, जिसे उपयुक्त रूप से बिजली युद्ध कहा गया।

सर्वोच्च बलिदान को देश सदा याद रखेगाः राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर विजय दिवस के मौके पर देश के वीरों को याद किया। उन्होंने लिखा कि विजय दिवस के गौरवशाली अवसर पर हमारे सशस्त्र बलों के शौर्य, समर्पण और संकल्प को नमन करता हूं। भारत की संप्रभुता की रक्षा करते हुए बांग्लादेश को अन्याय से मुक्त करवाने वाले, 1971 के युद्ध के सभी वीरों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को देश सदा याद रखेगा।

देर रात भड़की आग से लाखों का नुकसान

हिमांशु सिंह राजपूत/नवयुग समाचार

दमोह/मडियादोः मडियादो के पास संचालित कंप्यूटर दुकान में शनिवार देर रात अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई जिससे लाखों रुपए का सामान जल गया। देर रात भड़की आग देखकर आस पास रहने वाले लोग डर गए । ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से आग बुझाने का रेस्क्यू किया गया लेकिन आग भीषण थी कि उसने दुकान के अलावा अन्य कमरों में रखा सामान भी जला दिया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद स्थानीय लोग ओर फायर बिग्रेड की मदद से आग पर नियंत्रण पाया गया। आगजनी के इस घटना से कंप्यूटर दुकान का सामान, लोहा दुकान की सामग्री, दुकान मालिक का अनाज , बाइक, सहित अन्य इलेक्ट्रीकरण उपकरण जल गए। दुकान संचालक और मकान मालिक के अनुसार लगभग 20 से 25 लाख का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार पंचायत भवन के पास अंशुल छिरोल्या के मकान में राकेश अग्रवाल की कंप्यूटर की दुकान थी। इसी दुकान ओर अन्य कमरे में राकेश अग्रवाल अपने भाई गुड्डा अग्रवाल की लोहा सामग्री सहित अन्य मटेरियल भी रखे थे क्योंकि गुड्डा अग्रवाल का मकान ओर दुकान निमार्णाधीन थी। राकेश अग्रवाल के अनुसार शनिवार रात को अज्ञात कारणों से भड़की आग ने दुकान में रखे कंप्यूटर, लैपटॉप, फोटोकॉपी मशीन, लेमिनेशन मशीन, इंवर्टर, बाइक सहित नगदी 40 हजार जल गए। वही मकान मालिक अंशुल छिरोल्या द्वारा पुलिस में दिए गए आवेदन के अनुसार आग से अन्य कमरे में रखा गेहूं, चना, तिली, सरसों, मूंग सहित कीमती फर्नीचर जल गया जिससे लगभग लाख का नुकसान हुआ है। वही कमलेश विश्वकर्मा के अनुसार वह फर्नीचर का काम इसी मकान में कर रहा था । लकड़ी काटने , फिनिशिंग आदि की मशीनें जलने से 5 हजार का नुकसान हुआ। वही सबसे बड़ा नुकसान गुड्डा अग्रवाल का बताया जा रहा है। लोहा सामग्री सहित अन्य सामग्री भरी पड़ी हुई।

संपादकीय

जीवनदायी उपचार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी अक्सर कहते हैं कि बुरा लगता है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का आंकड़ा दुनिया में सबसे ज्यादा है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार देश में एक दशक में सड़क दुर्घटनाओं में 15 लाख लोगों की मौत हुई । हर साल कोई डेढ़ लाख से अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मरने वाले ज्यादातर युवा व परिवार के कमाने वाले होते हैं। उनके मरने से परिवार गरीबी के दलदल में जा धंसता है। यदि दुर्घटना होने पर घायलों को तुरंत व मुफ्त उपचार मिले तो लाखों जानें बचायी जा सकती हैं। इस संकट के मद्देनजर ही सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का शुरूआती गोल्डन ऑवर में निःशुल्क उपचार कराया जाएगा। दुर्घटना के बाद सात दिनों के भीतर घायल को डेढ़ लाख रुपये तक उपचार मुफ्त मिल सकेगा। हरियाणा पुलिस ने भी इस योजना की शुरूआत कर दी है। प्रदेश की सड़कों को नागरिकों के लिये सुरक्षित बनाने की पहल को विस्तार दिया जा रहा है। दरअसल, यह पायलेट प्रोजेक्ट नेशनल हेल्थ अथॉरिटी द्वारा स्थानीय पुलिस और राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुबंधित अस्पतालों के साथ तालमेल करते हुए संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा। इसमें अस्पताल प्रबंधन सॉफ्टवेयर में घायल व्यक्ति का डेटा अपलोड करके संबंधित पुलिस थाने को भेजेगा। थाना छह घंटे के भीतर दुर्घटना की पुष्टि करेगा, फिर घायल को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। निश्चित रूप से सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय की पहल पर शुरू की गई इस योजना का स्वागत किया जाना चाहिए। यदि समय रहते घायलों को उचित व मुफ्त उपचार मिल जाए तो हर साल हजारों जानें बचायी जा सकती हैं। लेकिन जरूरत इस बात की है कि अस्पतालों व पुलिस में बेहतर तालमेल स्थापित हो। निश्चित रूप से घायलों के प्रति संवेदनशील व्यवहार व औपचारिकताओं के बिना तुरंत उपचार जीवन रक्षक ही साबित होगा। उन बाधाओं को दूर करने की भी जरूरत है जिसकी वजह से लोग घायलों की मदद करने से कतराते हैं। इसके अलावा उन बिंदुओं पर विस्तार से काम करने की जरूरत है, जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाओं में तेजी आती है। जरूरी है कि जन-जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को दुर्घटनाओं को टालने के लिये सतर्क रहने को प्रेरित किया जाए। उन स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां दुर्घटना उन्मुख क्षेत्र स्थित हैं। इंजीनियरिंग विभाग की मदद से उन तकनीकी खामियों को दूर किया जाए जो दुर्घटना का कारण बनती हैं। इसी तरह स्कूली बसों की सुरक्षा की भी नियमित जांच होनी चाहिए। इस दिशा में हरियाणा पुलिस ने बड़ी पहल करते हुए 19 हजार से अधिक स्कूल बसों की जांच की है और खामी पाये जाने पर करीब साढ़े चार हजार से अधिक बसों के चालान भी किए हैं। इसी तरह ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों का भी चालान किया जाना चाहिए, ताकि दुर्घटना की आशंका को टाला जा सके। निस्संदेह, सरकार, पुलिस-प्रशासन तथा नागरिकों की जागरूकता से ही दुर्घटनाएं टाली जा सकती हैं।

(चिंतन-मनन)

प्रकृति की तीन शक्तियां

प्रकृति में तीन शक्तियां हैं- ब्रह्म शक्ति, विष्णु शक्ति और शिव शक्ति। प्रायः तुममें कोई भी एक शक्ति अधिक प्रबल होती है। ब्रह्म शक्ति वह ऊर्जा है जो नव-निर्माण करती है; विष्णु शक्ति ऊर्जा का पालन करती है और शिव शक्ति वह ऊर्जा है जो रूपांतरण करती है- नया जीवन देकर या संहार कर। तुममें से कुछ हैं जिनमें ब्रह्म शक्ति प्रबल है। तुम सृष्टि तो कर सकते हो, पर अपनी रचना को सुरक्षित नहीं रख पाते। हो सकता है तुम तुरंत ही नए मित्र बना लो, परंतु वह मित्रता अधिक समय तक टिकती नहीं। तुममें कुछ और लोग हैं जिनमें विष्णु शक्ति है। तुम रचना नहीं कर सकते, परंतु जो है उसे अच्छी तरह संभालकर रखते हो। तुम्हारी सभी पुरानी दोस्ती बहुत स्थायी होती है, परंतु तुम नए मित्र नहीं बना पाते। और तुममें कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनमें शिव शक्ति प्रबल है। वे नव-जीवन लाते हैं या रूपांतरण, या जो है उसे खत्म करते हैं। गुरु शक्ति में ये तीनों शक्तियां पूर्ण रूप से प्रफुल्लित हैं। पहले यह पहचानो कि तुममें कौन-सी शक्ति प्रबल है और फिर गुरु शक्ति की आकांक्षा करो, प्रार्थना करो।

संपूर्ण सृष्टि सरलता और बुद्धिमत्ता के मंगलमय लय से प्रकृति के नियमों पर चल रही है। यही मंगल ही दिव्यता है।

कांग्रेस और आप की सूची में भाजपा की उम्मीदें

–अनिल चतुर्वेदी–

दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस और आप उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी होने से क्या भाजपा की उम्मीदें बढ़ीं हैं ? भाजपा और कांग्रेस के बीच आज यह चर्चा का सवाल वन चुका है। कांग्रेस ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर यह जता दिया है कि वह किसी के न तो दवाब में चुनाव लड़ रही है और न ही किसी के दवाब में उम्मीदवारों का चयन कर रही है बल्कि आप के सामने वह फ्रंट फुट खड़ी हो चुनाव को तैयार हैं। या यूँ कहिए कि चाहे -अनचाहे कांग्रेस इस चुनाव में पूरे दम-खम से चुनाव में उतरी है। और भाजपा यही चाहती थी। भाजपाई तो कह रहे हैं कि उनकी पार्टी ने इसीलिए टिकट देने की जल्दबाजी नहीं की है। भाजपा मान चुकी है कि जितनी कांग्रेस मजबूती से से चुनाव लड़ेंगी भाजपा को उतना ही फायदा हो सकेगा इन चुनावों में। भाजपा शुरू से ही इस भरोसे में बताई जाती रही कि इस चुनाव में उसे तभी फायदा होना है जब कांग्रेस से आप पार्टी में शिफ़्ट हुआ उसका मुस्लिम और दलित वोट वापिस कांग्रेस में लौटेगा । जाहिर है कि आप और कांग्रेस में गठबंधन नहीं होने से ऐसा हो सके। सीधी बात कि अगर ऐसा होता है तो आप कमजोर हो सकेगी। पर अब भला राजनीतिक गलियारों में यह कहा जारा हो कि यह गणित तो भाजपा का होगा लेकिन केजरीवाल का गणित अलग ही होगा तो गलत भी क्या ? चर्चा तो यह भी है कि जिस तरह से कांग्रेस के टिकट वितरण से भितरघात और विरोध पनपना शुरू होने लगा है उससे भाजपा के मंसूबे पूरे होते नहीं दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कई जगह पर ऐसे उम्मीदवार तय किए हैं जहां से उम्मीदवार या तो लड़ना नहीं चाहता था या फिर उस विधानसभा पर कांग्रेस के कई पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेताओं का एकाधिकार है और जहां दूसरी लाइन का नेता पैदा ही नहीं होने देते। या फिर कई सीटें ऐसी भी हैं जहां लोकसभा में कांग्रेस का नेता भले हार गया हो पर वोटर वहाँ से नेता के बेटे या बेटी को जिताने के मूड में नहीं। इसके साथ ही भाजपा में जिन नेताओं पर पार्टी भरोसा जता रही है वे ही सुरक्षित सीट तलाश रहे हों तो भाजपा के सत्ता में वापिसी की संभावनाओं को समझा जा सकता है। सिर्फ. नई दिल्ली विधानसभा की बात करो तो यह सीट दिल्ली की सबसे हाई प्रोफाइल सीट मानी जाती है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वः शीला दीक्षित की यह पारंपरिक सीट रही है पर 2013 से लगातार तीन बार से आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल लगातार जीत रहे हैं। कांग्रेस ने यहाँ से शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को टिकट दी है । अब कौन जीतता है यह बाद की बात रही पर संदीप दीक्षित के आने से चुनाव दिलचस्प जरूर बनता जा रहा है।

आप के सामने संदीप को उतार मुखर हुई कांग्रेस

पहले कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनाने और फिर उसी को शिकस्त देने वाली वाली आम आदमी पाटी के सामने फिर कांग्रेस है। और इस बार आप को चेलेंज देने के लिए कांग्रेस ने शिकस्त खाई मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप को मैदान में उतारा है। चुनाव शीला के दिल्ली में किए गए विकास कार्यों के बूते लड़ा जाना है। पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को नई दिल्ली से उतारने का संदेश है कि कांग्रेस पूरी ताकत से चुनाव लड़ने जा रही है। यह अलग बात है कि कांग्रेस पिछले छह महीने से सीएम चेहरे की तलाश में थी पर शायद उसे कोई दमदार नेता नहीं मिला और आखिर में संदीप पर दांव लगाने को मजबूर होना पड़ा। सवाल यही है कि क्या संदीप अरविंद केजरीवाल को चुनौती दे पाएँगे ? या फिर इसे कांग्रेस की मजबूरी समझी जाएगी। हांलाकि संदीप कह रहे हैं कि वे अभी नई दिल्ली से ही कांग्रेस का चेहरा हैं पर हाँ एक पूर्व सीएम के खिलाफ चुनाव लड़ रहा हूँ,सवाल तो पूछूँगा ही। पर सवाल यह भी आना है कि क्या अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से चुनाव लड़ रहे हैं ? या फिर पत्नी मैदान में होंगी। 2013 में केजरीवाल ने मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को हराया था, और फिर कांग्रेस के सपोर्ट से ही सरकार बनाई। अब फिर बाजी चुनौती की हैड्ड.एक पूर्व मुख्यमंत्री को पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे की। 2015 में केजरीवाल के खिलाफ कांग्रेस ने किरण वालिया को उतारा था वे तीसरे नंबर पर आईं। 2020 में रमेश सब्बल वाल को लेकिन उनका भी यही हाल रहा। अब देखना है कि संदीप क्या कुछ कर पाते हैं। यूँ संदीप शुरू से ही केजरीवाल या फिर आप के खिलाफ रहे हैं। माँ शीला की तर्ज.पर कभी आप के साथ गठबंधन के समर्थन में नहीं रहे। शायद और कोई नेता भी नहीं ।मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने तो पहले ही मना कर दिया था। जबकि पूर्व अध्यक्ष अरविन्दर लवली ने तो गठबंधन के खिलाफ न सिर्फ. इस्तीफा दिया बल्कि कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। अब चर्चा तो यह भी चल रही कि भाजपा आप पार्टी के खिलाफ सीएम चेहरे को लेकर मजबूत चेहरा तलाश रही है। और इसी लिए वह अभी तक अपने उम्मीदवार घोषित नहीं कर पाई है। अब पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को चेहरा बनाया जाता है या फिर पार्टी पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा,या किसी दूसरे को यह बात दूसरी है पर कांग्रेस को राहत होगी कि भाजपा परिवारवाद का मुद्दा नहीं उठा सकेगी।

केजरीवाल के अगले दांव में कितना दम

हर चुनाव में अपने दांव से चुनाव जीतते रहे अरविंद केजरीवाल ने इस बार फिर दांव चला है। इस बार यह दांव महिला मतदाताओं को एक हजार रूपए हर महीने देने का है। पानी बिजली और बसों में फ्री यात्रा करने की सौगात ले रहीं महिलाओं पर कितना असर पड़ता है भाजपा और कांग्रेस इससे चिंतित हैं। ऐसा नहीं है कि आप पार्टी या केजरीवाल पहली बार वोटरों को वोट के लिए लालच दिया जा रहा हो ।पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने भी वोट हासिल करने के इरादे से 15 -15 लाख रुपए गरीबों के खातों में देने की बात कही थी भाजपा चुनाव जीती पर रूपए खाते में डालने के वायदे को बाद में चुनावी जुमला करार दे दिया गया। अब चुनावी दौर में केजरीवाल का महिलाओं को एक हजार रुपए देने का वादा इस बार चुनाव में क्या असर डालता इंतजार की बात है। पर यह जरूर है कि गरीब घरों की महिलाएँ केजरीवाल की इस घोषणा से खुश जरूर बताई जा रही हैं। हांलाकि पंजाब में भी आप सरकार ने महिलाओं को 1000 रुपए देने की जगह अब 2100 करने की घोषणा की है। और वो भी जल्दी ही। ताकि महिलाओं के साथ शांति स्थापित की जा सके। और दो साल पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी को इसका लाभ भी मिल सके। पर भाजपाईयों को केजरीवाल या मान सरकार पर भरोसा नहीं है उन्हें जनता के साथ यह छलावा दिख रहा है। अब सवाल यही है कि दिल्ली की महिलाओं आप पार्टी का यह प्रस्ताव मंजूर करेंगीं या फिर भाजपा और कांग्रेस इसके खिलाफ शोर शराबा कर उन्हें गुमराह कर राजनीति कर फायदा लेंगी। हालांकि महिलाओं के पास केजरीवाल को वोट देने या नहीं देने का मन बनाने के लिये करीब दो महीने हैं।

बिना डॉक्टर की सलाह के ना लें स्वयं दवा

सुमन को सिर में दर्द महसूस हो रहा है] तो सुमन ने सोचा पेनकिलर ले लिया जाए। वही गैस की परेशानी दूर करने के लिए एसिडिटी की दवा ले ली] वो भी डॉक्टर की सलाह के बिना ले ली। देखा जाए तो उसे इन दवाइयों से फौरन आराम तो मिल गया] लेकिन सिर्फ कुछ समय के लिए। बिना डॉक्टर से पूछे दवाइयों का सेवन सेहत को नुकसान भी पहुंचाता है। सिर दर्द हो या बदन दर्द] बस एक पेनकिलर यह किसी दवा कंपनी के विज्ञापन का हिस्सा हो सकता है। पर असल जिंदगी में बिना सोचे इस तरह की दवाइयों का इस्तेमाल सुरक्षित नहीं होती है। चाहे बात विटामिन्स की गोलियां लेने की हो या पेनकिलर और एंटी-बायोटिक दवाओं के इस्तेमाल की। हम बिना पूछें इन दवाइयों का सेवन आराम से करते रहते हैं। कभी केमिस्ट से पूछकर] तो कभी अपनों की सलाह पर। आजकल तो फूड सप्लीमेंट के तौर पर पिल्स का फैशन चल पड़ा है। जबकि आए दिन दवाइयों के साइड इफेक्ट्स की खबरें आती रहतीं हैं। इसके बावजूद लोगों में जागरूकता नहीं है। दूर-दराज के इलाकों में तो यह समस्या और भी गंभीर है। वहां लोग दुकानदार से पूछकर दवाइयां ले लेते हैं। लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि हर किसी की बॉडी की जरूरत अलग होती है और शरीर में गोलियों के माध्यम से पहुंचने वाले तत्व संतुलित मात्रा में ही फायदा करते हैं। ऐसे में बिना जांच करवाए या डॉक्टर की राय लिए विटामिन्स या अन्य गोलियों का सेवन किसी और समस्या को भी जन्म दे सकता है। इसलिए जरूरी है कि कोई भी दवा लेने से पहले डॉक्टर से अवश्य सलाह लें ले स्वंय डाक्टर बनने की कोशिश ना करें।

यह हो सकते हैं नुकसान▪

● जरूरत से ज्यादा लेने पर पेनकिलर्स घातक हो सकती हैं। कहा जाता है कि एक साल तक पेनकिलर्स को रोज इस्तेमाल किया जाए] तो ये बेहद नुकसानदायक हो सकती हैं।

● एक अनुमान के मुताबिक जिंदगी में एक हजार से ज्यादा पेनकिलर्स खाने से किडनी खराब हो सकती है। अगर आपको सौ साल जीना है] तो साल में 10 गोली से ज्यादा कभी न लें।

● पेनकिलर्स लगातार लेते रहने से किडनी और लिवर में जहर बन सकता है। पेट में ब्लीडिंग भी हो सकती है।

● उबकाई आना] सुस्ती] मुंह सूखना] अचानक ब्लड प्रेशर कम होना और कब्ज जैसी शिकायतें भी हो सकती हैं।

सावधानियां बरतें▪

● जब तक हो सके] दर्द सहन कर लें। पेनकिलर का इस्तेमाल मजबूरी में ही करें।

● पेनकिलर लेने की वजह से अगर पेट दर्द होता है] तो सबसे पहले उस पेनकिलर का इस्तेमाल बंद कर दें। एक एंटैसिड (डाइजीन, जिनटैक आदि) लें और डॉक्टर से सलाह लें।

● कोई भी पेनकिलर बेस्ट नहीं है] सिर्फ किसी का असर कम साइड इफेक्ट के साथ ज्यादा हो सकता है।

● दिल] बीपी] डायबीटीज और किडनी के मरीजों को बिना डॉक्टर की सलाह के कोई पेनकिलर नहीं लेना चाहिए।

● खाली पेट बिल्कुल न लें। कई तरह के पेनकिलर्स को खाली पेट लेने से किडनी,

बहुसंख्यकों की बात को हिन्दुओं की आवाज बताना सुनियोजित साजिश

–संजय सक्सेना

> मुख्यमंत्री ने जज शेखर यादव के बयान के सहारे अपनी बात को सही साबित करने के लिये यह भी कहा कि संभल में 46 साल पहले जिनके(कांग्रेस)शासनकाल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली। संभल में जिनकी निर्मम हत्या हुई, उन निर्दोषों का क्या कसूर था। जो भी सच बोलेगा, उसे धमकी दी जाएगी, यह लोग उसका मुंह बंद कराने का प्रयास करते हैं।

विश्व हिन्दू परिषद के कार्यक्रम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव द्वारा दिया गया संबोधन जज साहब के लिये गले की फांस बन गया है। दरअसल, 8 दिसंबर को प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में जस्टिस यादव ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया था। वायरल वीडियो में उन्होंने ` समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन का समर्थन किया और कहा कि कानूनों को बहुसंख्यकों की प्राथमिकताओं के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कहा,ह्यये कहने में बिल्कुल गुरेज नहीं है कि ये हिंदुस्तान है। हिंदुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा। यही कानून है। आप यह भी नहीं कह सकते कि हाई कोर्ट के जस्टिस होकर ऐसा बोल रहे हैं। कानून तो भइया बहुसंख्यक से ही चलता है। परिवार में भी देखिए,समाज में भी देखिए, जहां पर अधिक लोग होते हैं, जो कहते हैं उसी को माना जाता है। जज साहब के इस बयान पर` सियासी हो-हल्ला हुआ यह तो समझ में आता है लेकिन बड़ी अदालत यदि ऐसे किसी बयान को हिन्दुओं से जोड़कर कोई कदम उठाये तो समझ से परे हैं। जज शेखर यादव ने गलत नहीं कहा था कि कानून बहुसंख्यकों की प्राथमिकताओं के अनुरूप होना चाहिए। यदि जज साहब गलत हैं तो फिर हमारा लोकतंत्र कैसे सही हो सकता है,यह लोकतंत्र ही है जिसके अनुसार जब देश प्रदेश से लेकर गांवों तक में` चुनाव होता है तो बहुसंख्यकों के वोट हासिल करके ही सरकार बनती है, जिसमें सभी समाज और धर्म के मतदाता शामिल होते हैं।यहां तक की कोर्ट की बहु सदस्यीय बेंच जब किसी मामले पर फैसला सुनाती है तो भी यही होता है। इसको एक उदाहरण से भी समझा जा सकता है। नवंबर 2019 में अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बेंच ने बहुमत से फैसला सुनाया था।इसी को बहुसंख्यक कहा जायेगा। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जज शेखर यादव को तलब कर लिया है। यह कॉलेजियम जिस न्यायाधीश के खिलाफ किसी विवादास्पद मुद्दे पर हाई कोर्ट से रिपोर्ट मांगती है तो उन्हें मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के समक्ष अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट के सूत्रों ने बताया कि जस्टिस शेखर कुमार यादव को न्यायिक नीति की सीमा पार करने के आरोपों के खिलाफ अपना पक्ष रखने का मौका मिल सकता है।

खैर, विवादों में घिरे जज शेखर यादव का साथ मिला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक कह दिया है कि जज साहब ने कुछ गलत नहीं बोला। हॉ योगी साहब ने अपनी बात कहते हुए राजनैतिक फायदे नुकसान का भी ध्यान रखा। इसी के सहारे योगी ने एक बार फिर हिंदुत्व यानि बहुसंख्यक समाज के मुद्दे पर कांग्रेस समेत विपक्ष को आईना दिखाया। उन्होंने हिंदू एकता, न्यायमूर्ति शेखर यादव और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष के रवैये पर तीखा हमला किया। सीएम ने खुले मंच से न्यायमूर्ति के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि बहुसंख्यक समाज को मजबूत करने की बात करने वालों को अब धमकी दी जा रही है। भारत की विरासत के संवर्धन की बात विपक्ष को इतनी खलती है कि वह महाभियोग ले आते हैं। सीएम ने जनता से सच को दबाने वाले, संविधान का गला घोंटने वाले ऐसे दलों के लोगों की मानसिकता को उजागर करने की अपील की। योगी ने पहले मुंबई और फिर लखनऊ के एक कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति और न्यायमूर्ति के मुद्दे पर खुले मंच से अपनी बात रखी है। सीएम ने कांग्रेस पर दोहरा चरित्र होने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग भारत का ठेका लेकर घूमते हैं और डिस्कवरी ऑफ इंडिया को भारत का सबसे प्राचीन ग्रंथ मानते हैं। वे संविधान के नाम पर पाखंड कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि श्री राम जन्मभूमि को लेकर फैसला देने वाले जजों को आज तक धमकी मिल रही है। ऐसे ही विपक्ष राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं। विपक्ष को यह बात खल रही है कि किसान का पुत्र इस पद पर कैसे पहुंच गया। एक न्यायमूर्ति अगर एक नागरिक के रूप में सच्चाई को रखते हैं तो महाभियोग लाकर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जाता है।

योगी ने गलत नहीं कहा कि देश में हर हाल में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होना चाहिए। दुनिया में बहुसंख्यक समाज जो कहता है, व्यवस्था वैसे संचालित होती है। भारत की मंशा है कि अल्पसंख्यक व बहुसंख्यक का भेद समाप्त हो और सब लोगों पर समान कानून लागू होना चाहिए लेकिन विपक्ष को यह बात अच्छी नहीं लग रही है। ये लोग संविधान का गला घोंटकर जबरन अपने दम पर देश की व्यवस्था चलाना चाहते हैं। दबंगई से सच को दबाने की कोशिश करने वालों को एक्सपोज किए जाने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने जज शेखर यादव के बयान के सहारे अपनी बात को सही साबित करने के लिये यह भी कहा कि संभल में 46 साल पहले जिनके(कांग्रेस)शासनकाल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली। संभल में जिनकी निर्मम हत्या हुई, उन निर्दोषों का क्या कसूर था। जो भी सच बोलेगा, उसे धमकी दी जाएगी, यह लोग उसका मुंह बंद कराने का प्रयास करते हैं।

जज शेखर यादव के ऊपर सबसे अधिक हमला टुकड़े-टुकड़े गैंग द्वारा किया जा रहा है,जो बहुसंख्यकों की आवाज को हिन्दुओं की आवाज बताने का प्रोपोगंडा करते हैं। वकील और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स के संयोजक प्रशांत भूषण ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना को एक चिट्ठी लिखी। उन्होंने सीजेआई से इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश के आचरण की इन-हाउस जांच की मांग की। उन्होंने दावा किया कि जज ने न्यायिक नैतिकता ि१ और निष्पक्षता और पंथनिरपेक्षता के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन किया।उधर, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को आठ दिसंबर को माकपा नेता वृंदा करात ने भी चिट्ठी लिखकर जस्टिस यादव के भाषण को उनकी शपथ का उल्लंघन बताया। उन्होंने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से कार्रवाई की मांग की। बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने हाई कोर्ट के न्यायाधीश के बयान की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज से अपने बयान वापस लेने और माफी मांगने के लिए कहा। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल भी जज शेखर यादव के बयान से आग बबूला हैं। कुल मिलाकर बहुसंख्यक का मतलब सिर्फ हिन्दू और अल्पसंख्यक का अर्थ सिर्फ मुसलमान होने तक नहीं सीमित किया जा सकता है।` बहुसंख्यक शब्द व्यापक है। बहुसंख्यक आबादी यदि यह कहती है कि उसके बच्चों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा मिले, देश में महंगाई , भ्रष्टाचार कम हो, सबको रहने के लिये छत और` भोजन मिले तो इसे हिन्दुओं की बात नहीं कहा जायेगा, यह देश की बहुसंख्यक आबादी की आवाज होगी।`

एक नजर

यूरिया खाद के लिए किसानों का फूटा गुस्सा

जमकर किया हंगामा, पुलिस ने शांत कराया

हमीरपुर ब्यूरो : राठ कस्बा में रामलीला मैदान के पास स्थित सहकारी क्रय-विक्रय समिति में सोमवार के दिन यूरिया खाद लेने पहुंचे किसानों ने जमकर हंगामा काटा और सड़क पर जाम लगा दिया।बता दें कि सैकड़ों किसान यूरिया खाद लेने के लिए पहुंचे थे , लेकिन खाद न मिलने पर उन्होंने गुस्से में आकर सड़क पर जाम लगा दिया।

जाम की सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक और नायब तहसीलदार वीरपाल सिंह के अलावा कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और किसानों से बातचीत कर स्थिति को संभाला।

नायब तहसीलदार और सीओ राठ ने किसानों को समझाया और यूरिया खाद का वितरण शुरू किया। इस मौके पर किसानों ने प्रशासन से खाद की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि आने वाले समय में ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े। इस दौरान सड़क पर जाम के कारण यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन प्रशासन की पहल से स्थिति शांत हुई और किसानों को खाद मिलनी शुरू हुई।

नवजात का भ्रूण मिलने से हड़कंप

हमीरपुर ब्यूरो :

कस्बा/थाना सिसोलर में सोमवार के दिन नवजात शिशु का भ्रूण मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कस्बा सिसोलर के कटरा मोहल्ला में सोमवार की सुबह मुख्य मार्ग के किनारे एक नवजात शिशु का भ्रूण देखकर लोगों में हड़कंप मच गया देखत-देखते लोगों के बीच तरह-तरह की बातें शुरू हो गईं।बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्र हो गए और ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी , जिस पर मौके में पहुंचीं थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सहनशीलता के नाम पर कब तक नपुंसक बनी रहेगी सरकारे : शक्तिपुत्र महाराज

बिहारी लाल गुप्ता की रिपोर्ट



सीधी। भगवती मानव कल्याण संगठन रीवा संभाग के बैठक का आयोजन पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम मे भगवती मानव कल्याण संगठन मध्य प्रदेश के बैठक का आयोजन 13 दिसंबर से 20 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसमें 16 और 17 दिसंबर को रीवा संभाग की बैठक का आयोजन चल रहा है जिसमें रीवा संभाग से हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शंख और दंड ध्वज के साथ उपस्थित हुए हैं।

भगवती मानव कल्याण संगठन के समीक्षा बैठक का आयोजन सुबह 16 दिसंबर को भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन पूजा शुक्ला एवं संगठन के महासचिव सौरव द्विवेदी अनूप भैया एवं आशीष शुक्ला जी द्वारा किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष बहन पूजा शुक्ला जी द्वारा टीम प्रमुखों को अधिक से अधिक मां भगवती जगत जननी जगदंबे मां की आरती एवं 5 घंटे 24 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के आयोजन के लिए प्रेरित किया कोई भी ऐसा घर ना हो जहां से मां भगवती जगत जननी जगदंबे मां का आवाहन ना हो। हर घर में मां की ज्योत जले और हर घर नशे मांस से मुक्त और चरित्रवान हो।संगठन के महासचिव सौरव द्विवेदी जी ने कार्यकताओं से मिलकर प्रचार प्रसार में होने वाली समस्याओं के बारे में जाना और उनका मार्गदर्शन किया।

भगवती मानव कल्याण संगठन के संस्थापक धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने कहा कि जो सौभाग्य आप लोगों को मिल रहा है यह कई जन्मों के पुण्य का उदय है मां भगवती जगत जननी जगदंबे मां का गुणगान करने का अवसर प्राप्त होता है । जिनका गुणगान करने केलिए त्रिदेव भी लालायित रहते हैं, आपको तो उससे बढ़कर मां भगवती का प्रचार करने को सौभाग्य मिला है।

महाराज जी ने कहा कि वर्तमान में आज सनातन समाज सोया हुआ है, सनातन धर्म में चारों ओर संकट की बादल छाते जा रहे हैं। उसको लग रहा है कि जो बांग्लादेश में घटनाएं हो रही है वह बहुत दूर है, लेकिन आज लोगों को समझ नहीं आ रहा कि इसी तरह हमारे पूर्वजों के साथ बर्बरता की गई थी आज 25% मुस्लिम समाज को छोड़कर 75 प्रतिशत मुस्लिम समाज अपने धर्म से भटक कर जेहादी हो चुका है। अगर अपने घर परिवार धर्म और संस्कृति को बचाना चाहते हैं तो अपने बच्चों को साधना शक्ति और संगठित करना पड़ेगा, अगर हम केवल धन कमाने की ही चक्कर में सारा जीवन गुजार देंगे तो एक दिन यह लुटेरे लूट कर चले जाएंगे और आपके हाथ कुछ नहीं लगेगा। आज बांग्लादेश में जो घटनाएं हो रही है उससे आपको सीख लेना है सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से जाति भेद को भुलाकर एकजुट होना पड़ेगा अन्यथा आज देश की सरकारे सहनशीलता के नाम पर नपुंसक है जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ बर्बरता की जा रही है, अगर किसी दूसरे धर्म के साथ होता तो दूसरे देश अपनी सेना भेज कर ऐसी जेहादीयो को उखाड़ फेंकते, लेकिन आज देश में एक सनातनी सरकार होते हुए भी बांग्लादेश में सनातन धर्म के लोगों को नहीं बचाया जा रहा है। जो प्रयास किया जा रहा है वह ना के बराबर है। सनातन धर्म के लोगों को यह ध्यान देना होगा कि हमारे सभी देवताओं के हाथ में अस्त्र-शस्त्र है भक्ति हमें लाचार होना नहीं सिखाती भक्ति हमें शक्ति देती है और शक्ति से हम अपनी बहन बेटियों की इज्जत बचा सकते हैं अपने घर परिवार और देश की संस्कृति को बचा सकते हैं।

बालक की नृशंस हत्या की घटना का सफल अनावरण, 02 अभियुक्त गिरफ्तार... आलाकत्ल ट्रैक्टर मय रोटावेटर बरामद

नवयुग समाचार

बहराइच पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों की रोक-थाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये दिशा-निर्देश के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानन्द कुशवाहा व क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी के कुशल निर्देशन में थाना रिसिया पुलिस को मिली सफलता, मु.अ.सं. 332/2024 धारा 137(2)/103(1)/238(1) इठर व 3(2)5 रउ/रळ अउळ से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. संजय वर्मा पुत्र स्व0 विनोद वर्मा 2.लवकुश पाल पुत्र आनन्द पाल निवासीगण मोहल्ला गायत्रीनगर दा0 सिसई सलोन थाना रिसिया बहराइच को दिनांक 15.12.2024 समय करीब 16.20 बजे अभियुक्तगण के घर मोहल्ला गायत्रीनगर दा0 सिसई सलोन थाना रिसिया बहराइच से किया गया गिरफ्तार । वादी मुकदमा मुनीजर पुत्र श्याम लाल निवासी मोहल्ला गायत्री नगर, सिसई सलोन, थाना रिसिया जनपद बहराइच द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित सूचना के आधार पर दिनांक 06.12.2024 को समय करीब 11.00 बजे वादी का 15 वर्षीय पुत्र विक्रम पड़ोस के संजय वर्मा पुत्र स्व0 विनोद कुमार के साथ ट्रैक्टर पर काम करने गया था, जहाँ से वह घर वापस नहीं आया जिसके सम्बन्ध में अगली सुबह वादी द्वारा जब संजय से पूछताछ की गयी तो बताया कि उसने वादी के पुत्र विक्रम को समय करीब 21.00 बजे गांव के टावर के पास छोड़ दिया था, काफी तलाश के बाद भी वादी का पुत्र नहीं मिला जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 332/2024 धारा 137(2) इठर बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। उच्चाधिकारीगण द्वारा मौका मुआयना कर उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देश दिये गये थे । वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दी गयी कि उसका 15 वर्षीय पुत्र विक्रम दिनांक 06.12.2024 से लापता है, काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला तथा आखिरी बार वादी का पुत्र मजदूरी पर काम करने पड़ोस के संजय वर्मा के यहाँ गया था, जहाँ से घर नहीं लौटा। तीन दिन परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के उपरान्त दिनांक 09.12.2024 को वादी द्वारा इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दी गयी जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 332/2024 धारा 137(2) इठर बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस द्वारा सतत रूप से संभावित क्षेत्रों में बालक की तलाश की गयी जिसके क्रम में सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल टावर्स आदि के माध्यम से साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए संजय वर्मा से भी कई बार पूछताछ की गई, पूछताछ में पुलिस के सामने विरोधाभासी तथ्य प्रस्तुत हुए

जिसपर पुलिस द्वारा संजय व लवकुश से पुनः कड़ाई से पूछताछ की गयी, अन्ततः अभियुक्त संजय उपरोक्त द्वारा स्वीकार किया गया कि वह किराया लेकर खेत जोतने का कार्य करता है जिसके लिए उसने एक लड़के लवकुश पाल को भी काम पर रखा था, घटना की रात करीब 09.00 बजे संजय व लवकुश द्वारा विक्रम के साथ ट्रैक्टर से एक खेत जोता जा रहा था कि तभी विक्रम ट्रैक्टर से नीचे गिर गया, जिससे ट्रैक्टर के पीछे जुड़े हार्वेस्टर से विक्रम कट गया। विक्रम को उपचार हेतु ले जाने की बजाय घटना को छुपाने तथा स्वयं को बचाने की नीयत से अभियुक्तगण संजय व लवकुश द्वारा कई किलोमीटर ट्रैक्टर चलाकर हार्वेस्टर से निर्मम तरीके विक्रम (मृतक) के शरीर के कई टुकड़े कर उसे धरती में दबा दिया गया तथा व शेष टुकड़ो को पुनः चार किलोमीटर दूर एक अन्य खेत में ले जाकर दफना दिया गया तथा मृतक के जूतों को एक तालाब में ले जाकर फेक दिया गया।

चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 04 अभियुक्त गिरफ्तार

नवयुग समाचार

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा बहराइच व क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चन्द्र पाण्डेय के निर्देशन मे थाना प्रभारी निरीक्षक अपराध चंद्रेश कुमार थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 अयोध्या सिंह मय हमराह उ0नि0 चुन्नू कुमार, उ0नि0 दिवाकर मिश्रा, का0 बृजेश व का0 अरमान, हे0का0 राकेश कुमार व का0 सत्यपाल के द्वारा दिनांक 14.12.2024 को मोहल्ला चाँदमारी नई बस्ती बक्शीपुरा में चोरी की गई लाइसेन्सी रिवाल्वर, नगद रुपये व सफेद धातु कटोरी, गिलास, चम्मच की बरामदगी में रात्रि भ्रमण के समय मुखबिर खास की सूचना पर गुल्लाबीर मंदिर के समीप पक्की सड़क रेलवे क्रॉसिंग से अभियुक्तगण 01.आफताब उर्फ भैया पुत्र अशरफ बंजारा उम्र लगभग 25 वर्ष 02.आशिक अली पुत्र साबिर अली उम्र 20 वर्ष 03.साबिर अली पुत्र जाकिर उम्र लगभग 22 वर्ष 04. राजू उर्फ इक्का पुत्र जमील अहमद उम्र लगभग 40 वर्ष निवासीगण मोहल्ला नुरुद्दीनचक थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच को चोरी किये गये रिवाल्वर, कारतूस, सफेद धातु के बर्तन व नगद रुपयों के साथ दिनांक 16.12.2024 को समय करीब 02.50 बजे गिरफ्तार किया गया` बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) इठर की वृद्धि की गई बाद विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय जनपद बहराइच रवाना किया गया ।

शिक्षा जागरूकता गोष्ठी में सम्मानित हुए छात्र/छात्राएँ

नवयुग समाचार

बहराइचः- तेजवापुर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय मिजार्पुर में मिलान संस्था की ओर से सोमवार को शिक्षा जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं की शिक्षा को लेकर विचार-विमर्श किया गया। गर्ल आइकान पायल वर्मा व उनकी टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे अभिभावकों ने खूब सराहा।

प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुश्री कंचन गुप्ता ने कहा कि सरकार की ओर से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अभिभावक बालकों की तरह बालिकाओं को भी शिक्षा की धारा से जोड़ें। बालिकाएं शिक्षित होंगी तो समाज में नाम रोशन करेंगी। शिक्षा का स्तर बेहतर होगा, तभी समाज का विकास होगा। बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक ममता, नीलम सिंह, अनिल कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

शिक्षा क्षेत्र कटेहरी के प्रांगण में ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैलाश नाथ तिवारी ब्यूरोरिपोर्ट/ नवयुग समाचार

अयोध्या/अम्बेडकरनगर। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख कटेहरी मौसम वर्मा व प्रधान संघ के कटेहरी ब्लाक के अध्यक्ष राजेश सिंह खंड शिक्षा अधिकारी प्रिया पाठक डायट मेटर एश्वर्या राजलक्ष्मी सीडीपीओ स्नेहतलता सिंह प्रा शिक्षा संघ अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह जू ह स्कूल संघ के अध्यक्ष रामपलट सिंह ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया संगोष्ठी में शिक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा ग्राम प्रधान - हेडमास्टर को छात्रों का कैसे विकास हो इस पर मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में सरकार की तरफ से छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में ए आर पी अशफीर्लाल गुप्ता द्वारा जानकारी दी गयी, खण्ड शिक्षा अधिकारी ने ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे परिषदीय विद्यालयों में ज्यादा से ज्यादा नामांकन हेतु सहयोग करायेंगे.

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया जिसमें तपेश कुमार प्रधान भरतपुर गिरन्ट,शारदा देवी प्रधान बरामदपुर जरयारी,झपझी यादव प्रधान सुगौटी को सम्मानित किया गया।

प्रा वि कसियापुर, मीरानपुर,कटघरवा व सेमराघाट के उत्कृष्ट छात्र- छात्राओं को तथा मंडल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान हैदराबाद राहुल सिंह,प्रधान प्रतापपुर चमुर्खा विक्रम यादव प्रधान अन्नावा अजय वर्मा आदि प्रधान गण के साथ समस्त प्रधानाध्यापक उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन एआरपी महेंद्र गुप्ता एवं शिक्षक संकुल सौरभ बाबू ने किया ।

भुईमाड़ सहित कुशमी तहसील भर के भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता, पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम ब्यौहारी मे आयोजित बैठक में हुए शामिल

बिहारी लाल गुप्ता/नवयुग समाचार

भुईमाड़। भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा कार्यकर्ता बैठक का आयोजन पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम में आयोजित किया गया। जिसमें भुईमाड़ सहित कुशमी तहसील भर के साथ सीधी जिलेभर के संगठन एवं पार्टी से जुडे कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बता दें कि पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम मे भगवती मानव कल्याण संगठन मध्य प्रदेश के बैठक का आयोजन 13 दिसंबर से 20 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसमें 16 और 17 दिसंबर को रीवा संभाग की बैठक का आयोजन चल रहा है जिसमें रीवा संभाग से हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शंख और दंड ध्वज के साथ उपस्थित हुए हैं। भगवती मानव कल्याण संगठन के समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन पूजा शुक्ला एवं संगठन के महासचिव सौरव द्विवेदी अनूप भैया एवं आशीष शुक्ला जी द्वारा किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष बहन पूजा शुक्ला जी द्वारा टीम प्रमुखों को अधिक से अधिक मां भगवती जगत जननी जगदंबे मां की आरती एवं 5 घंटे 24 घंटे के

अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के आयोजन के लिए प्रेरित किया कोई भी ऐसा घर ना हो जहां से मां भगवती जगत जननी जगदंबे मां का आवाहन ना हो। हर घर में मां की ज्योत जले और हर घर नशे मांस से मुक्त और चरित्रवान हो।संगठन के महासचिव सौरव द्विवेदी जी ने कार्यकताओं से मिलकर प्रचार प्रसार में होने वाली समस्याओं के बारे में जाना और उनका मार्गदर्शन किया। एवं केंद्रीय पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि आप लोग क्षेत्र में जन जागरण में तेजी लाएं किसके साथ थी संगठन द्वारा बनाए गए नियमों का अवश्य पालन करें। कार्य ना करने वाले टीम प्रमुखों को छवि जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है। भगवती मानव कल्याण संगठन, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, पंचज्योति शक्ति सिद्धाश्रमधाम धर्म रक्षा,राष्ट्ररक्षा मानवता की सेवा के लिए यह तीनों धाराएं समाज की गई हैं। इस मौके पर अन्य कई संभाग जिलों से लोग उपस्थित हुए।

लेखपाल को धमकी देने में 10 पर रिपोर्ट दर्ज

मोहम्मद इरफान खान/नवयुग समाचार

उन्नावः बेहटामुजावर थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन का निरीक्षण करने पहुंचे राजस्व लेखपाल के साथ गुरुवार को मिट्टी खनन की जांच दौरान के युवकों ने दौरान हुई थी घटना साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी और अभिलेख छीनने का भी प्रयास किया। पीड़ित लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष के साथ कोतवाली पहुंचे और तीन नामजद सहित 10 पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहसील में तैनात लेखपाल बृजेश कुमार ने बेहटामुजावर थाने में तहरीर दी। बताया कि उनकी तैनाती अरगूपुर क्षेत्र में है। गुरुवार शाम करीब तीन बजे ग्रामसभा अरगूपुर की सार्वजनिक संपत्ति नाले के गाटा पर एक्सप्रेसवे के लिए मिट्टी खनन किया जा रहा था। लेखपाल का आरोप है कि इसी दौरान गांव के कृष्णा उर्फ छोटू, भाई राहुल, साथी नृपेंद्र सहित अन्य साथियों के साथ आया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने सरकारी अभिलेखों भी छीनने और फाड़ने का प्रयास किया। इस बारे में जब थाना अध्यक्ष बेटा मुजावर से बात की गई तो थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पुलिस और बदमाश की मुठभेड़ कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद

सुनील शर्मा नवयुग समाचार

गाजियाबाद थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान एक शातिर स्नैचर गिरफ्तार , कब्जे से 01 तमंचा,01 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस व चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद ।थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा अपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत डीएलएफ स्कूल के सामने डीएवी कट वजीराबाद रोड की तरफ से आने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी तभी मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति डीएवी कट वजीराबाद रोड की तरफ से आता दिखाई दिया जिनको चेकिंग हेतु रुकने का इशारा किया गया तो नहीं रुका और अपनी मोटरसाइकिल को पीछे मुड़कर तेजी से भागने लगा शक होने पर पुलिस द्वारा पीछा किया गया तो पुलिस टीम को अपने पीछे आते देख भाग रहे बदमाश के द्वारा मोटरसाइकिल को तेजी से भगाने के कारण मोटरसाइकिल सर्विस रोड पर ब्रेकर होने के कारण फिसल कर गिर गई और पुलिस पार्टी को पीछे आते देख भाग रहे बदमाश द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से सीधा फायर कर दिया पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में पुलिस पार्टी पर फायर कर रहा बदमाश घायल हो गया घायल बदमाश को वास्ते उपचार अस्पताल भेजा जा रहा है आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त पर दिल्ली व गाजियाबाद में आर्म एक्ट , लूट व चोरी के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है ।

सबूतों आधार पर आईआईटी छात्रा के यौन उत्पीड़न में कानपुर के एसीपी का जेल जाना तय!

- सीसीटीवी कैमरे में भी आते जाते दिखे एसीपी मोहसिन खान, कई वीडियो और ऑडियो क्लिप भी छात्रा ने कराए जांच टीम को उपलब्ध

- मामले को मैनेज करने की भी की गई थी पूरी कोशिश लेकिन पागल बताने पर बिफरी छात्रा ने दर्ज कर दी एफआईआर, जिसके बाद से फरार चल रहे एसीपी मोहसिन खान, तलाश में जुटी पुलिस

सुनील बाजपेई/नवयुग समाचार

कानपुर। यहां के आईआईटी की रिसर्च स्कॉलर के यौन उत्पीड़न का मामला लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में अब तक की जांच में एसीपी मोहसिन खान सीसीटीवी कैमरे में भी आते-जाते दिखे हैं। उनके खिलाफ और भी अनेक सबूत मिले हैं। साथ ही छात्रा ने भी कई ऑडियो वीडियो क्लिप भी पुलिस टीम को उपलब्ध करा दिए हैं। इसके साथ ही छात्रा का मेडिकल कराने के बाद बयान दर्ज करने की कार्रवाई को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है।

वहीं इस घटना के बाद गिरफ्तारी के डर से आरोपी एसीपी मोहसिन खान फिलहाल फरार चल रहे हैं। क्योंकि सबूत के आधार पर उनका जेल जाना तय माना जा रहा है। पुलिस की एक टीम की तलाश में भी जुटी हुई है। चर्चा का विषयबने इस मामले में पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है । इसी मामले में बीते शुक्रवार को आईआईटी हॉस्टल पहुंची एसआईटी और फोरेंसिक टीम ने कर्मचारियों और छात्रा से बात की थी। वह यहां चार-पांच घंटे तक टीम रही थी।

इस दौरान छात्रा ने कॉल रिकॉर्डिंग, फोटो, वीडियो और सोशल मीडिया पर आरोपी से हुई चैटिंग जैसे सबूत एसआइटी को सौंप दिए गए थे। यौन उत्पीड़न की शिकायत छात्रा को पुलिस अधिकारी एसीपी मोहसिन खानकी सच्चाई के बारे में पता तब चला जब वह गर्भवती होने की सूचना पर मोहसिन खान की पत्नी से मिली। इसके पहले मोहसिन खान ने छात्रा से अपने को गैर शादीशुदा बताया था।

सूत्रों से मिली जानकारी पर यकीन करें तो मोहसिन खान से उसकी पत्नी भी बहुत परेशान है अय्याश प्रवृत्ति के चलते उसके एसीपी मोहसिन खान से संबंध अच्छे नहीं बताए जाते। मोहसिन खान ने छात्रा को यह भी झांसा दिया था कि वह बहुत जल्द अपनी पत्नी को तलाक देकर उससे शादी कर लेगा। और जब वह यानी छात्रा नौकरी करने के लिए विदेश जाएगी तो वह (एसीपी मोहसिन खान) उसके साथ विदेश में भी रहेगा। छात्र के मुताबिक इसी तरह के तमाम झूठे वादों के चक्कर में आकर ही वह एसीपी मोहसिन खान की जाल में फंस गई।

एसीपी मोहसिन खान छात्र की संपर्क में लगातार रहता भी था। इस मामले की जांच कर रही टीम को ए सीपी मोहसिन खान के मिले आईकार्ड में इमरजेंसी नंबर वाले स्लॉट में छात्रा का मोबाइल नंबर लिखा हुआ मिल चुका है।

सूत्रों पर यकीन करें फिलहाल आरोपी एसीपी मोहसिन खान के खिलाफ अब तक जितने तथ्य सामने आए हैं। उनके मुताबिक उसका जेल जाना भी तय माना जा रहा है। यही वजह है कि वह एफ आर आर दर्ज होने के बाद गायब चल रहे हैं। उनका पता लगाने के लिए पुलिस की एक टीम भी लगाई गई है।

एक नजर

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

सुरजीत कश्यप/नवयुग समाचार

बिल्हौर: विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक ककवन के ग्राम उटठा में अध्यक्ष विधानसभा बिल्हौर इंजी विनय यादव द्वारा लगवाया गया कैम्प जिसमे गरीबों हेतु नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ उपदेश सिंह ने बताया कि गांव के 50 लोगों ने अपने नेत्र का परीक्षण कराया व 20 लोग नेत्र आपरेशन के लिए भर्ती हुए। इस कार्यक्रम प्रधान अनिरुद्ध कोरी, बलवीर दिवाकर, कमलेश गौतम, बीडीसी छोटी बिटि गौतम, ओमजी यादव, सुमित, अंकित चक्रवर्ती, कमल, विनोद चौरसिया, रघुवीर गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

दरोगा और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से किया जा रहा साधु-संतों का उत्पीड़न

कैलाश नाथ तिवारी/नवयुग समाचार

अम्बेडकरनगरः श्रवणक्षेत्र धाम में जिलाधिकारी आदरणीय अविनाश सिंह जी द्वारा मयार्दापुरुषोत्तम श्रीराम की प्रतिमा अनावरण के ठीक पश्चात चढ़ावे की राशि को लेकर दरोगा और ग्राम प्रधान के मिलीभगत से किया जा रहा साधु-संतों का उत्पीड़न।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को दिन में लगभग 11बजे दरोगा जी आए और भगवान श्रीराम के मंदिर पर भक्तजनों को चढ़ावा चढ़ाने से रोक दिया गया, माला फूल चढ़ाने वाले को भगा दिया गया। आश्चर्य की बात तो यह रही ग्राम प्रधान ने दबंगई बस प्रधान पुजारी राजपत्ती देवी उर्फ बच्ची दास को भी अपमान सूचक शब्दों का प्रयोगकर उन्हें भगवान श्रीराम के प्रतिमा स्थल से हटा दिया गया।

नए मंडल अध्यक्ष के चयन पर हुआ विचार विमर्श

नवयुग समाचार संवाददाता सीबू सैनी

कन्नौज । सौरिख स्थित सत्यवती गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्षों को सम्मानित कर नए मंडल अध्यक्ष के मनोनयन पर विचार विमर्श किया गया साथ ही निर्वाचन प्रभारी द्वारा पार्टी की गाइडलाइन से कार्यकताओं को अवगत कराया गया इस अवसर पर चुनाव प्रभारी गौरव दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक पार्टी है इस समय पार्टी द्वारा संगठन का चुनाव कराया जा रहा है इसके पहले चरण में बूथ अध्यक्षों को मनोनीत कर उन्हें सम्मानित करने के साथ मंडल अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया के लिए बैठक आयोजन किया गया है इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विजय शुक्ला आदेश दुबे अध्यक्ष राहुल गुप्ता ओम चतुर्वेदी दीपू अरुण प्रताप सिंह कल्याणी मिश्रा सहित सैकड़ो दर्जनों बूथ प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

एटीएम और बैंकों के पास चलाया पुलिस ने चेकिंग अभियान

सीबू सैनी/नवयुग समाचार

कन्नौज: जनपद में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के दिशा निर्देश पर समस्त थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैंक और एटीएम के बाहर और अंदर चेकिंग अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में समस्त थाना द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक एटीएम के अंदर और बाहर आसपास संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों को चेक करने का अभियान चलाया गया जिसके चलते बैंक में शाखा प्रबंधकों से वार्ता कर सायरन व सीसीटीवी कैमरा को भी चेक करने का कार्य पुलिस विभाग के द्वारा किया गया।

महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक करने के लिए शिविर का हुआ आयोजन

सीबू सैनी/नवयुग समाचार

कन्नौज। मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के चलते महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं आत्मनिर्भरता संबंधित विधिक प्रावधानों एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर अपर जिला जज लवली जायसवाल की अगुवाई में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार के कुशल निर्देशन में दहेज प्रतिषेध कानून घरेलू हिंसा अधिनियम लैंगिक अपराधों से संरक्षण कार्य स्थल पर यौन शोषण संबंधी अधिनियम गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम गिरफ्तारी से पूर्व गिरफ्तारी के समय एवं उनके बाद महिलाओं के अधिकार आदि संबंधी प्रावधान व कानूनो को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन तिर्वा तहसील के उमर्दा ब्लॉक स्थित सरस्वती शिशु मंदिर सभागार में किया गया ।आयोजित शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला जज लवली जायसवाल ने बताया कि यदि किसी को भी किसी भी प्रकार की विधि सहायता या जानकारी चाहिए तो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल कर तत्काल सहायता व जानकारी प्राप्त की जा सकती है जागरूकता शिविर चीफ डिफेंस डिफेंस अधिवक्ता श्वेतांक अरुण द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के विषय में जानकारी देते हुए कहा गया कि कुशल ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का मुख्य उद्देश्य कूड़े करकट से उपयोगी पदार्थ को निकालना और बचे हुए अपशिष्ट से प्रसंस्करण केंद्र में बिजली का उत्पादन करना है सभी अपशिष्ट संस्करण केन्द्रों के लिए पहली जरूरत सुखे और गीले कूड़े को अलग करने की है कूड़े को इखट्टा करने छांटने और परिवहन जैसी गतिविधियों के बीच पूरा तालमेल होना जरूरी है

जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

हमीरपुर ब्यूरो जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 95 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई

कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

विधायक से की स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

हमीरपुर ब्यूरो : सुमेरपुर क्षेत्र के पंधरी गांव के लोगों ने आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं घटनाओं के चलते सदर विधायक को ज्ञापन भेजकर बांदा एवं सिसोलर मार्ग में स्पीड ब्रेकर बनवाये जाने की मांग की है।

पंधरी निवासी संजय प्रजापति, गोरेलाल यादव, कल्लू सिंह, बच्चा प्रजापति, सर्वेश कुटार, रामजी सिंह आदि ने सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति को ज्ञापन भेजकर गांव के मध्य से गुजरे बांदा एवं सिसोलर मार्ग में स्पीड ब्रेकर बनवाये जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि स्पीड ब्रेकर न होने से आए दिन हादसे होते हैं और लोगों की जानें जा रही हैं। पिछले सप्ताह एक मासूम को कार ने कुचल दिया था। इसी तरह एक छात्रा को सीडीओ की कार ने टक्कर मार दी थी। ग्रामीणों ने सदर विधायक से स्पीड ब्रेकर बनवाकर हादसे रोके जाने की मांग की है। विधायक ने ग्रामीणों को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कराई काफी मशीन

हमीरपुर ब्यूरो : जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने नई पहल करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में कॉफी मशीन स्थापित कराई व कॉफी मशीन का शुभारंभ किया। इस कॉफी मशीन से जिलाधिकारी कार्यालय में आने वाले फरियादियों / आगंतुकों को तत्काल गरम कॉफी उपलब्ध हो सकेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इससे ठंड में जनपद के दूर दराज के क्षेत्रों से जिलाधिकारी कार्यालय आने वाले फरियादियों / आगंतुकों को तत्काल निशुल्क गरम कॉफी उपलब्ध हो सकेगी तथा गर्म कॉफी मिलने से ठंड से बचाव में सहूलियत मिलेगी।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर ,डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम ,कलेक्ट्रेट कर्मी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

आगामी 22 दिसम्बर को होने वाली उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समझाई बारीकियां

हमीरपुर ब्यूरो :

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 22 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाने वाली सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 के संबंध में समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट ,स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र प्रभारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर समस्त सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रभारी तथा परीक्षा के कार्य में लगाए गए अन्य संबंधित को सम्मिलित राज्य /प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 को नकलविहीन, शांतिपूर्ण व निर्विघ्न रूप से संपन्न कराए जाने हेतु परीक्षा की बारीकियो के संबंध में विस्तार से अवगत कराते हुए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली पीसीएस परीक्षा राज्य की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसके अंतर्गत संपादित किए जाने वाले सभी कार्य आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार /नियमानुसार किया जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही पर सीधे एफआईआर दर्ज होगी। कहा कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने में लगाए गए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक

मजिस्ट्रेट , केंद्र प्रभारी तथा अन्य संबंधित के द्वारा अच्छे प्रकार से प्रशिक्षण ले लिया जाए तथा आयोग के दिशा निदेर्शों का भली भांति अवलोकन कर लिया जाए। कहा कि जिस गंभीरता से निर्वाचन प्रक्रिया के कार्य संपन्न कराए जाते हैं लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस परीक्षा के कार्य भी उसी गंभीरता के साथ संपादित किए जाने हैं इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं होनी चाहिए ।इसके अंतर्गत किए जाने वाले समस्त कार्य आयोग द्वारा निर्धारित की गई समय सीमा / गाइडलाइंस के अनुसार ही किया जाए।

इस दौरान लोक सेवा आयोग से आए हुए प्रतिनिधि मनोज यादव ने बताया कि सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 22 दिसंबर 2024 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी । प्रथम पाली प्रातः 9:30 से 11:30 तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 तक आयोजित होगी। परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों के प्रवेश करने की समय सीमा आयोग द्वारा निर्धारित है । परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति प्रथम पाली में प्रातः 8:00 बजे से प्रातः 8:45 तक होगी तथा दूसरी पाली में अपराह्न 1:00 बजे से 1:45 बजे तक होगी। इस निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी दशा में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि मनोज यादव, जनपद के समस्त एसडीएम, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा केंद्र प्रभारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

युवक को पीटकर किया अधमरा,पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप, आहत युवक ने जहर खाया

हमीरपुर ब्यूरो : मझगवां थाना क्षेत्र के गिरवर गांव में दबंगों की पिटाई से परेशान युवक ने पुलिस के सामने ही जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। आनन-फानन में पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में भर्ती कराया।

गिरवर गांव निवासी रीतम पुत्र माधौसिंह ने बताया कि रविवार शाम करीब 6:30 बजे वह पनवाड़ी जाने के लिए निकला था। तभी रास्ते में उसके रिश्तेदार प्रकाश और निर्दोष (निवासी सैदपुर) के साथ गांव के ही मुकेश, दृगचन्द्र और आनंद स्वरूप ने उसे रोक लिया। दबंगों ने लाठी-डंडों से बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह अधमरा हो गया।

युवक ने बताया कि तीन दिन पहले भी इन दबंगों ने उसके साथ गांव में मारपीट की थी। उसने घटना की शिकायत शुक्रवार को मझगवां थाने में की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की लापरवाही के चलते दबंगों के हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने रविवार को फिर मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब कार्रवाई में ढिलाई बरती तो आहत होकर युवक ने पुलिस के सामने ही जहरीला पदार्थ खा लिया।

युवक के जहर खाते ही पुलिसकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में युवक को डायल 112 पुलिस की गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

मामले में मझगवां थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और दबंगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस ने पहले ही शिकायत पर कार्रवाई की होती तो ऐसी नौबत न आती। अब सवाल उठ रहे हैं कि पुलिस की लापरवाही का खामियाजा पीड़ित युवक को भुगतना पड़ा।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

हमीरपुर ब्यूरो :

जरिया थाना क्षेत्र के छिबौली मार्ग पर नहर के पास बाइक सवारों को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस से घायलो को सीएचसी में कराया भर्ती कराया गया है। एक घायल की हालत गंभीर होने पर उरई रिफर किया गया है।

अमूँद गाँव निवासी रहमत (55) पुत्र सुल्तान उसका साथी जयसिंह (63) पुत्र दयाराम बाइक से खेड़ा शिलाजीत गाँव मेला देखने जा रहे थे। जयसिंह ने बताया कि खेड़ा शिलाजीत गाँव में लगे मेला का दंगल देखने जा रहे थे। तभी सरीला छिबौली मार्ग पर नहर के पास डस्ट से भरे ट्रक ने पीछे टक्कर मार दी है। जिससे दोनों घायल हो गये। ट्रक चालक ट्रक छोड़ कर मौके से भाग गया है। सूचना पर पहुँचे थाना प्रभारी जरिया मयंक चंदेल व पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश प्रसाद मौर्य ने घटना स्थल पर पहुँच कर घायलों की जानकारी ली है। एम्बुलेंस चालक संदीप व ईएमटी सूर्यपाल ने एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया है। प्राथमिक उपचार के बाद रहमत की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रैफर कर दिया है। जयसिंह को मामूली चोटें आईं हैं। प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया है। थाना प्रभारी जरिया मयंक चंदेल ने बताया कि ओवरटेक करते समय एक्सीडेंट हो गया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

लोक अदालत में कीटनाशक विनिमार्ता कंपनियों पर ठोंका जुमार्ना

हमीरपुर ब्यूरो :

बीते शनिवार आयोजित लोक अदालत में मिसब्राण्ड कीटनाशक विक्रय करने वाले फुटकर, निजी बिकेताओं एवं विनिमार्ता कम्पनी के साथ में थोक बिक्रेताओं पर कीटनाशी अधिनियम 1988 एवं नियमावली 1971 के अर्न्तगत कुल 153000 (एक लाख तिरपन हजार रुपए) जुमार्ना/अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।जिनमे से मैसर्स एग्री जक्शन वन स्टाप शाप, राठ, प्रो०-अनिल कुमार, आपूर्तिकर्ता फर्म मैसर्स इष्ठको एम०सी० कॉप सांइस प्रा०लि० ८/० एच० आर० एजेन्सी ई-172 ट्रान्सपोर्ट नगर लखनऊ, विनिमार्ता कम्पनी मैसर्स एग्रो पैक 227/1 जी०आई०डी०सी० स्टेट, पनौली 394116 जिला भरूच गुजरात के विरुद्ध वाद सं0-136/20 में प्रत्येक अभियुक्त पर रुपये 17000 (सत्रह हजार रुपए) कुल 51000 (इक्यांवन हजार रुपए) का जुमार्ना लगाया गया ,मैसर्स-के०जी० एन० बीज भण्डार, राठ, आपूर्तिकर्ता फर्म मैसर्स-मासकाप सांइस (प्रा०लि०) आपूर्तिकर्ता यूनिट ई 52 ट्रान्सपोर्ट नगर लखनऊ विनिमार्ता कम्पनी गैसर्स मासकाप सांइस (प्रा०लि०) उत्पादन यूनिट ग्राग-भगवानपुर तहसील डेराबस्सी, जनपद-सास नगर (मुहाल) पंजाब में वाद संख्या 7173/23 में प्रत्येक वादी पर रुपये 17000 (सत्रह हजार रुपए) कुल 51000 (इक्यांवन हजार रुपए) का जुमार्ना लगाया गया ,मैसर्स यती ट्रेडर्स बारह खम्मा मेन रोड, राठ, आपूर्तिकर्ता फर्म-मैसर्स शुभ राजपूत बीज भण्डार मेन रोड जैतपुर-बेलाताल, जिला महोबा उ०प्र०, विनिमार्ता मैसर्स सिन्जेन्टा इण्डिया लिमिटेड, अमर पैराडिम, एस०न0-110/11/3 बैनर रोड पूणे महाराष्ट्र यो विरुद्ध बाद संख्या-10772/23 में प्रत्येक वादी पर रुपये 17000 (सत्रह हजार रुपए) कुल 51000 (इक्यावन हजार रुपए) का जुमार्ना लगाया गया। विगत लोक अदालत हमीरपुर में दिनांक- 14.09.2024 को जनपद में मिसब्राण्ड कीटनाशक विक्रय करने वाले फुटकर, निजी बिक्रेताओं एवं सम्बन्धित विनिमार्ता कम्पनी के साथ में सम्बन्धित थोक बिकेताओं पर कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियमावली 1971 के अर्न्तगत कुल 108000 (एक लाख आव हजार रुपए) जुमार्ना / अर्थदण्ड से दण्डित किया गया था। इसी प्रकार लोक अदालत में 261000 (दो लाख इकसठ हजार रुपए) तथा सामान्यतः वर्ष में 40000 (चालीस हजार रुपए) मा० न्यायालय में प्रभावी पैरवी के द्वारा दोषी कीटनाशक विक्रेताओं को अर्थदण्ड से दण्डित कराया जा चुका है। इस प्रकार से जनपद में मिसब्राण्ड कीटनाशक रसायन बिकय करने वाले कीटनाशक बिकेताओ एवं कीटनाशक बनाने वाली कम्पनियों को कुल 301000 (तीन लाख एक हजार रुपए) के अर्थदण्ड से दण्डित किया जा चुका है।

जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी इंद्रेश कुमार गौतम ने

किसानों से अपील भी की , कि कीटनाशक रसायन खरीदते समय कीटनाशी बिकेता से कैशमैमों/कैश रसीद अवश्य प्राप्त करें किसी भी कीटनाशक रसायन को फसलों में डालने से पहले सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली पोर्टल पर मो०नं०-9452247111 एवं 9452257111 पर फोटो डाल कर समस्या का समाधान 48 घण्टे के अन्दर प्राप्त कर सकते है और अधिक जानकारी के लिए जिला कृषि रक्षा अधिकारी, हमीरपुर के सी०यू०जी० नं0-7839882732 एवं व्यक्तिगत नं0-7310273933 पर सम्पर्क कर सकते है।

तालाब खुदाई में मजदूरों के डिमांड लगाकर फजीर्वाड़ा का आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

हमीरपुर। विकास खण्ड सुमेरपुर के ग्राम पंचायत बिलहड़ी में तालाब खुदाई के नाम पर जमकर धांधली की जा रही है। मशीनो से खुदाई कराकर प्रतिदिन फर्जी 180 मजदूरों की डिमांड दिखाकर प्रधान व सचिव सरकारी धन का बन्दर बांट कर रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बिलहड़ी में मढ़ी दाई तालाब में ग्राम पंचायत द्वारा मिट्टी खुदाई का कार्य चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि खुदाई कार्य जो मजदूरों द्वारा होना चाहिये वह कार्य पहले मशीनों द्वारा कराया गया है और मशीनो द्वारा खुदी मिट्टी पर मजदूर दिखाकर उसे यह साबित करने का प्रयास किया जा रहा है कि खुदाई मशीनो से नही बल्कि मजदूर कर रहे है। पिछले कई दिनो से तालाब में सैकड़ों लेवर दिखाकर और उसकी फोटो ग्राफी करके यह साबित्त करने का प्रयास किया जा रहा है कि तालाब की खुदाई मजदूरो के द्वारा ही की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान व सचिव मिलकर सरकारी धन का बंदर बांट करना चाहते है और कागजी खाना पूर्ति करके धन को ठिकाने लगा रहे है। गामीणो ने मांग की है कि इसकी मौके पर जाँच करायी जाये सच्चाई स्वतः सामने आ जायेगी।

तेज रफ्तार डंपर ने खड़ी बोलेरो को मारी टक्कर, चालक की मौत, तीन किसान घायल

हमीरपुर ब्यूरो : कानपुर-सागर नेशनल हाईवे 34 पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अरतरा मोड़ के पास तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़ी बोलेरो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो चालक अंशुमान सिंह (45) की मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना सुमेरपुर के इंगोहटा गांव के निवासी अंशुमान सिंह अपने साथियों रणविजय सोनकर, कालका सोनकर और जयराम निषाद के साथ निजी ट्यूबवेल पर पानी लगाने के लिए बोलेरो से निकले थे। सभी लोग पेशे से किसान हैं सुबह करीब साढ़े 6बजेचारों लोग अरतरा मार्ग के निकट हाई वे किनारे बोलेरो खड़ी कर उसमें बैठे थे। इसी दौरान हमीरपुर से मौदहा की ओर से जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो और डंपर दोनों सड़क से नीचे उतरकर काफी दूर तक घिसटते चले गए। घटना के काफी देर बाद जब लोगो की नजर पड़ी तो देखा गाड़ी के अंदर ड्राइवर सहित चार लोग फंसे थे, हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने बोलेरो को काटकर चारों लोगों को बाहर निकाला और इलाज के लिए सीएचसी मौदहा भेजा। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने अंशुमान सिंह को मृत घोषित कर दिया। बाकी घायलों का इलाज चल रहा है।इस दर्दनाक हादसे के बाद अंशुमान सिंह के परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। मृतक बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर था

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक मनीष कुमार सिंह द्वारा शोभित आफसेट के-450 इंदिरालोक कॉलोनी, पोस्ट मानसनगर, लखनऊ - 226023 उ.प्र. से मुद्रित कराकर मुकेरिया, महसी, रामगांव, बहराइच से प्रकाशित। आरएनआई/ट्राइटल कोड-UPHIN49594
संपादक-मनीष कुमार सिंह मो.- +91 9984176988 ई-मेल- navyugsamacharindia@gmail.com उप संपादक-मो. इज़हार वारसी, मो. +91 7081640677, प्रबंध संपादक-संजय कुमार त्रिपाठी, मो.- +91 9044973372, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बहराइच, उ.प्र. होगा।